महोदया, मैं आपसे कह रहा था कि कठिन परिस्थिति थी और अयोध्या में जो कुछ हुआ उसके लिए हमें दुख है और उसके लिए हमारे मन में आज भी चिंता बनी हुई है। लेकिन एक अंतिम घड़ी में जब कुछ लोग मस्जिद के ऊपर चढ़ गए, मस्जिद को तोड़ने की कोशिश की, उस समय गोली चली, कुछ लोग मर गए। उनके प्रति, उनके परिवार के प्रति हमारी सहानुभूति है। लेकिन प्रचार किया गया और यह प्रचार किया जा रहा है कि सैकड़ों लोगों को मारकर घाघरा और सरयू में बहा दिया गया। महोदया, मैं निरंतर निवेदन कर रहा हूं

[श्री चन्द्र शेखर]

कि इस घटना में सब मिलाकर 16 लोग अयोध्या मे मरे थे । सत्रहवें आदमी का नाम हो तो हमारे पास भेजिए, हम उसकी जाच करने को तैयार है । यह मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हू । उसी प्रकार महोदया, एक अयोध्या को ही मत समझिए, ये एक सदन के सदस्य हैं, हम नाम नहीं लेना चाहते, उन्होंने आकर हमसे कहा कि बिजनौर मे डेढ हजार लोग मार दिए गए और डेढ हजार दूसरे धर्म के मार दिए। उनसे मैने निवेदन किया कि डेढ हजार मे से 5 आदमी के आप नाम लइए जिनकी लाश का पता नही लगा हो और जिसके परिवार वाले यह कह रहे हों कि उनके लोगों को दफना दिया गया हो। आज एक महीना हो गया, मेरे पास कोई नाम नहीं लाया। महोदया, ऐसे समय मैं आपसे जानना चाहता हू कि कोई भी सरकार, कोई भी प्रधान मंत्री, कोई भी वजीरे आजम क्या कर सकता है? ये बातें केवल मुझसे नही कही जाती है, ये बाते अखबारो मे कही जाती हैं। इन बातों का प्रचार होता है। एक तरफ धमकी दी जाती है कि सरकार कुछ नही करेगी तो हमारे मन मे जो आएगा सो करेंगे दूसरी तरफ हमको यह धमकी दी जाती है कि अगर यहा पर दंगे नही रुकेंगे तो हम संयुक्त राष्ट्र की फौज बुलाएगे।

[माननीय सभापति पीठासीन हुए]

महोदय, मै आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जब तक भारत की सरकार हैं, जब तक भारत की फौज है, अगर कोई भी यहां दुसरी जगह की फ़ौज बुलाने की बात करेगा, उस आदमी के खिलाफ़ सरकार को मजबूरन् कदम उठाना पड़ेगा। महोदय, यह संदेश सफाई के साथ जाना चाहिए। मै जानता हूं कि चुनावो का महत्व है। मैं जानता हूं कि वोट की बडी भारी कद्र होती है, लेकिन इस तरह के मत से, इस तरह के समर्थन मे बनी हुई सरकारे देश को नही बचा सकतीं, देश को नही चला सकतीं और न कोई काम कर सकती है। मै इस बात को इस देश और इस सदन को स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं। हम किसी को धमकी नही देना चाहते है, लेकिन हर आदमी को उसके कर्त्तव्यबोध का ज्ञान कराना चाहते है। हम बताना चाहते हैं कि हर आदमी की इस राष्ट्र के प्रति क्या जिम्मेदारी है और अगर हम यह बात कहते हैं तो हमारे ऊपर गुस्सा दिखाया जाता है। मै गुस्सा नही दिखाता। मैं दुख के साथ यह कहना चाहता हूं कि आज जो यह बात हो रही है यह बात कठिन बात है, जैसे कहा जाता है कि पुलिस का अत्याचार बढ गया है। एक ओर हमारे भाई गुरुदास दासगुप्ता जी कहते हैं कि पुलिस ने काम नही किया। लॉ एंड आर्डर मशीनरी फ़ेल हो गयी, सरकार निकम्मी बन गयी। दूसरी तरफ़ कहा जाता । कि पुलिस ने बडा अत्याचार किया है यह अत्याचार की कहानी एक तरफ से नही, दोनों तरफ से हैं। मैं मानता हू कि हजारों लोगों के झगडे के बीच मे करते-करते कभी-कभी पुलिस के लोगों के मन का संतुलन बिगड जाता है। मैं यह नहीं कह सकता कि एक जगह भी कोई ज्यादती नही हुई है। अध्यक्ष जी, मै यह नही कहता कि पुलिस के आदमी ने हर समय एक नैतिकता के आधार पर, एक नियम के आधार पर, अनुशासन के आधार पर हर जगह काम किया है। लेकिन पूरे पुलिस फोर्स के ऊपर पूरा हंगामा खड़ा कर देना, ऐसा बना देना जैसेकि उसके रहते हुए सारी कानून-व्यवस्था टूट जाएगी, मैं इन मित्रो से बहुत नम्र निवेदन करूंगा कि चाहे इससे आपके मन की तात्कालिक शांत जितनी हो जाती हो, समाज मे शांति बनाने के लिए यह रास्ता सही नही है। जहा पर कोई ज्यादती होती है, जहा पर कोई गडबडी होती है, उसके खिलाफ हम कदम उठाने के लिए तैयार है। उसके लिए जाच करने को तैयार है और हमने किया भी है। जहा कही भी पुलिस की अक्षमता के बारे मे शिकायत मिली तो तुरंत दूसरे फ़ोर्स को, केन्द्रीय पुलिस के लोगो को भेजा गया। लेकिन निरंतर एक ही पाठ होता रहे, उसके लिए आंदोलन

लाया जाए, धरने दिए जाएं, अनशन किया जाए, तो यह बताइए कि क्या कोई सरकार चल सकती है? कोई पुलिस काम कर सकती है? कहीं एक गलती हो जाय, उसी को लेकर सारे पुलिस फोर्स को बदनाम करने की कोशिश की जाए तो यह आज के समय उचित नहीं है। मैं केवल इतना ही कहूंगा, मैं इससे अधिक कुछ नहीं कहना चाहता . . . (व्यवधान) . . .

**डा० अबरार अहमद :** मेरा एक प्वाइंट आफ़ इन्फारमेशन है। आपने कहा है कि कहीं कुछ भी होता है तो हम जाच करते हैं राजस्थान में जयपुर के अंदर 80 लोग मारे गए, लेकिन आज तक एकमात्र वहां सी.आई.डी. की जांच चल रही है और वहां प्रधान मंत्री जी भी दो बार होकर निकले . . .

**श्री सभापति :** तरीके से बोलिए।

**डा० अबरार अहमद** (राजस्थान) : जयपुर के लोगों को नहीं संभाला, तो जयपुर में जो कुछ भी हुआ और उसमें भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मंत्री भी थे, उनके बारे में आप क्या जाच कर रहे है?

**श्री चंद्रशेखर :** अब मेरे लिए यह सम्भव नहीं है कि साधारणतः आपने चूंकि कर दिया तो कह दूंगा कि चूंकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो मंत्री उसमें फंसे हुए हैं। अब मेरी दिक्कत यह हो जाती है कि मेरे लिए इस तरह का भाषण देना सम्भव नहीं है। और मैं यह भी बताऊं कि अगर कोई मंत्री उसमें लिप्त होगा तो मेरा पहला कर्तव्य है मैं मुख्य मंत्री से कहूंगा, सदन से मैं कहने वाला नहीं हूं और जब मुख्य मंत्री नहीं मानेंगे तो मैं सदन से कहूंगा कि अगर कोई मंत्री लिप्त हों तो माननीय सदस्य बताएं तो जरूर मुख्य मंत्री से मैं निवेदन करूंगा। लेकिन मैं जिस चीज को जानता नहीं, उस पर मेरे लिए कोई टिप्पणी करना संभव नहीं है। . . (व्यवधान) . .

**डा० अबरार अहमद :** आप जाच करेंगे?

**श्री सभापति :** इंटरप्ट नहीं कीजिए।

**श्री चन्द्रशेखर :** अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि जांच करने का काम राज्य सरकार का है। राज्य सरकार जांच कर रही है। मैं कोई कारण नहीं समझता आप यह न समझिए कि मैं उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री की बात कर रहा हूं, चाहे वह राजस्थान का मुख्य मंत्री हो, चाहे वह कर्नाटक का मुख्य मंत्री हो, चाहे कहीं का हो, जब तक मुख्य मंत्री अपने कर्तव्य का पालन कर रहा है और उसके खिलाफ़ कोई ऐसी शिकायत मुझको नहीं है जिस पर हस्तक्षेप करने की जरूरत है, तब तक किसी मुख्य मंत्री के खिलाफ किसी टिप्पणी की मुझसे अपेक्षा करना, महोदय, आप समझते हैं कि उचित नहीं होगा, आप उसकी आज्ञा नहीं देंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि उस परम्परा का पालन कम से कम आपके द्वारा तो होगा ही, जिस परम्परा के द्वारा यह संघीय व्यवस्था आज चल रही है और इस परम्परा का निर्वाह करने के लिए हमने संविधान में शपथ ली है और उसके लिए कृतसंकल्प है।

मैं यह कह रहा था कि दोनो तरफ़ से दबाव पड़ते हैं हम नहीं कहते कि अनुचित है। एक तरफ से कहा जाता है कि सख्ती कम हुई, एक तरफ़ से कहा जाता है कि सख्ती ज्यादा हुई, लेकिन यह कठिन निर्णय लेना पड़ता है। मैं उत्तर प्रदेश के बारे में कह रहा था। उन कठिन परिस्थितियों में अगर वहां के मुख्य मंत्री को कोई निर्णय लेना पड़ा जिसमें कुछ लोगों को तकलीफ हुई तो इस तकलीफ़ के लिए मुझे दुख है अगर इनके मन में पीडा है तो उस पीडा के लिए मेरे मन में दर्द है, लेकिन इसके लिए मुख्य मंत्री को कंडेम कर देना, उसकी भर्त्सना कर देना उचित नहीं। मैं जरूर यह कहना चाहूंगा, कुछ मित्रों को बुरा लगेगा लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने कठिन समय में जितने संयम और आत्म-नियंत्रण का परिचय दिया है, वह शायद कम लोग

[श्री चन्द्र शेखर]

दे पाएं। लेकिन कुछ लोगों को शिकायत हो सकती हैं, शिकायतें जायज भी हो सकती है, मैंने कहा भी कि जो कोई शिकायत जायज हो, आप कहिए मैं मुख्य मंत्री का ध्यान उधर ले जाऊंगा हमारे आप साथी हैं, इस नाते मैं भी आपकी शिकायत दूर करने की कोशिश करूंगा। लेकिन एक मुख्य मंत्री जिसके ऊपर इतनी बड़ी जिम्मेदारी हो, केवल वहां का ही नहीं, दूसरी जगह का भी हो, उसकी निरन्तर भर्त्सना होती रहे और भर्त्सना, महोदय, इस सदन में हो, तो फिर एक बड़े दुख की बात होती हैं। उसकी क्षमता, उसकी क्रिया-शक्ति, उसका प्रभाव कम होता है जो समाज के लिए और देश के लिए अच्छी बात नहीं है।

मैं जानता हूं कि बहुत सारे अच्छे सुझाव भी दिए गए हैं, लेकिन हर बात को हम धर्म के दर्शन पर न ले जायें। मैंने एक बार पहले भी कहा था कि हम लोग राजनेता हो सकते हैं, हम लोग मंत्री हो सकते हैं और संसद सदस्य हो सकते हैं लेकिन हम लोग दर्शन के ज्ञाता नही हो सकते, हम लोग नीतिकार और शास्त्रकार नहीं हो सकते। तो हर समय धर्म की व्याख्या सदन में करने से ज्यादा अच्छा है कि यहां समाज के अव्यवस्था, पीड़ा, भूख, दर्द के ऊपर हम चर्चा करे। कोई हमें भारतीय संस्कृति का पाठ पढाता है, कोई मजहब की बुलंदियों की याद दिलाता है, मैं उसमें कोई दखल नही रखता, न मेरा मजहब में कोई दखल है, लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि मजहब भी राजनीति में दखल न दे तो ज्यादा अच्छी बात होगी और उस बात से हम लोगों को बचना चाहिए, चाहे एक धर्म हो या दूसरा और उसकी हमें कोशिश करनी चाहिये और यह समान रूप से सब पर लागू होना चाहिये।

इस सदन में यह भी कहा गया, महोदय, कि यह सारी परिस्थिति इसलिए पैदा हुई कि अकलियत के लोगों को, अल्पमत के लोगों को बढ़ावा दिया गया गया उनके साथ अपीजमेंट पालिसी की गई। उनके वोट पाने के लिए उनके अनुरूप काम की बात हुई। मैं इस बारे में कोई सामान्य टिप्पणी तो नहीं करना चाहता लेकिन क्या यह सही नही है कि सविधान मे यह बात कही गई है कि अकलियत के लोगों को एक विशेष सुविधा होनी चाहिये?

यही नहीं सारी दुनिया मे जितनी अकलियत के लोग हैं अल्पमत के लोग हैं उनकी अपनी एक समस्या होती है और उन समस्याओ के समाधान के लिए अक्सरियत का बहुमत का और सरकार व समाज का यह कर्तव्य होता है कि उसकी ओर विशेष ध्यान दे। इसमे कोई उनके मन को बढ़ाने की बात नही है उनके साथ कोई पक्षपात करने की बात नहीं है। मैं समझता हू कि इसमें राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन हो। एक बात और महोदय, अकलियत चाहे यहां हो चाहे दुनिया के किसी और कोने में हो, चाहे वह धर्म की हो चाहे जबान की हो, चाहे एथनिक मायनोरिटी हो, अकलियत के लोगो के मन मे एक आशका होती है। मैं डर तो नही कहूंगा उनके मन मे एक एप्रिहेंसन होता है, एक आशका होती है कि शायद उनके साथ न्याय न हो। सारी दुनिया में होता हैं और हिन्दुस्तान मे वह आशंका हमारे पुराने तवारीख की वजह से, इतिहास की वजह से और उस आशका के लिए आधार भी हैं, निराधार आशका नही हैं महोदय, क्योंकि हर समाज मे जहां साधन सीमित है जहां अवसर कम है वहा अवसर उनको मिलता है जो अवसर पाने के लिये शासन के नजदीक रहने वालो के पास पहुच पाते हैं। हमारे देश का जो विभाजन हुआ उस विभाजन का एक दुखद ऐतिहासिक तथ्य यह है कि गरीब हिन्दू रह गया पाकिस्तान के एक हिस्से मे या दूसरे हिस्से मे और गरीब मुसलमान अधिकतर गरीब मुसलमान रह गया हिन्दुस्तान में। जो बडे थे, लक्ष्मी पुत्र थे, पसे वाले थे वह उधर चले गये। तो अवसर की कमी है। स्थिति यह भी आई कि मुसलमान को सिफ़ारिश करने वाला कोई नहीं मिला और इस तथ्य को हम अस्वीकृत नहीं कर सकते कि चाहे वह सरकारी नौकरी में हो, चाहे औद्योगिक

प्रतिष्ठान में हो उन प्रतिष्ठानों में उनको अवसर कम मिला, उनकी तादाद कम हुई, उनकी संख्या कम हुई, उनके मन का डर, उनके मन की आशंका, उनके मन की पीड़ा और बढ़ती गई। क्या हमारे लिए यह आवश्यक नहीं है कि उनकी इस आशंका को मिटाने के लिए हम कुछ विशेष व्यवस्था करें। मैं नहीं कहता तुलना करना तो ठीक नहीं लेकिन कई लोगों ने सुझाव यह भी दिया कि उनको पुलिस फ़ोर्स का अधिक स्थान देना चाहिए। यह सही सुझाव है और मैं इसका स्वागत करता हूं। पिछले दिनों में इस दिशा में कुछ कदम उठाये गये हैं और मुझे यह बात बताने में कुछ हर्ष का अनुभव हो रहा है, सन्तोष तो पूरी तरह से नहीं है, श्रीमन्, लेकिन हमारे सेंट्रल रिजर्व पुलिस के लोग हैं चाहे वह बी.एस० एफ़० हो चाहे वह सेंट्रल इंडस्ट्रियल फ़ोर्स हो और चाहे वह हमारी सेंट्रल रिजर्व पुलिस फ़ोर्स हो इन सबमें आज अल्पमत के लोगों की संख्या 10 से 11 प्रतिशत है। किसी में 14 परसेंट है किसी में 11 परसेंट है बोर्डर पुलिस को छोड़कर जिसमें 9 फ़ीसदी लोग हैं और सब जगह पिछले कुछ दिनों में इनकी संख्या बढ़ी है। बी०एस०एफ़० में 14 फ़ीसदी लोग हैं, सी. आर० पी० एफ़० में 14 फ़ीसदी हैं। सी आई० एस एफ. में 11 फीसदी हैं और इण्डो तिब्बतन बोर्डर में पुलिस 9 फीसदी हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि इस बात को आगे बढ़ायें। मैं नहीं कह सकता कि यही बात राज्य पुलिस के बारे में है लेकिन राज्य पुलिस के लोगों को भी हमने निवेदन किया है और उस निवेदन का असर भी हुआ है। मुझे यह कहते हुए फ़िर थोड़ा सन्तोष होता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने अभी कुछ दिन पहले कहा कि दंगों से निबटने के लिए कोई एक विशेष पुलिस दस्ता वह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गुजरात के लोग भी इस दिशा में कर रहे हैं, दूसरे राज्य के लोग भी इस ओर कदम उठा रहे हैं, समय लगेगा . . . **(व्यवधान)**

अब मैं नाम नहीं देना चाहता था डाक्टर साहब, पी० ए सी का नाम आपने लिया, बहुत नाम लिया गया। पी ए.सी. के कुछ लोगों ने गल्तियां की होंगी लेकिन डाक्टर साहब, मुझसे ज्यादा जानते हैं कि पी.ए०सी. कोई छोटी फ़ोर्स नहीं है। उत्तर प्रदेश की कानून और व्यवस्था अधिकतर पी.ए.सी. के ऊपर ही है और एक ही दंगे का काम नहीं है दूसरे काम भी हैं और दंगों में एक-दो जगहों को छोड़कर पी.ए.सी. के बारे में कोई और शिकायत नहीं मिली है। गुस्सा मैं समझ सकता हूं नाराजगी मैं समझ सकता हूं . . . . . **(व्यवधान)**

**श्री चतुरानन मिश्र** (बिहार) : वर्षों से यह बात आ रही है।

**श्री चन्द्रशेखर:** वर्षों से नहीं जब से पुलिस फ़ोर्स बना है पुलिस फ़ोर्स बनने के बाद बराबर शिकायत आ रही है डाक्टर साहब और मिश्र जी जैसे लोग जो राष्ट्रीय आन्दोलन में रहे हैं उस जमाने से पुलिस की शिकायत कर रहे हैं लेकिन मैं कहूंगा थोड़ी जहमियत बदल दीजिए।

**श्री शमीम हाशमी** (बिहार) : मलियाना का मामला नहीं है? सबसे पहले मलियाना का मामला आपने ही बताया था।

**श्री चन्द्रशेखर:** मैं आज भी कहता हूं मलियाना में जो हुआ था उसका मैंने विरोध किया था, उसकी जांच के लिये कहा था। आज भी जहां मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जहां भी गड़बड़ी होगी उसकी जांच होगी और जो अपराधी पाया जाएगा उसको सजा होगी लेकिन 62 जिले हैं, कम से कम 500 जगहों पर या हजार जगहों पर उत्तर प्रदेश में पुलिस लगी होगी। अगर 5 या 7 जगहों से शिकायत आ गई अध्यक्ष होदय तो क्या यह सही होगा कि हम सारे पुलिस फ़ोर्स को कंडम करें?

**एक माननीय सदस्य** : शिकायत तो हर जगह से है, कहीं ज्यादा भी हो सकती है . . . . **(व्यवधान)**

**श्री चन्द्रशेखर** : जिस तरह से सेंट्रल पुलिस के लोग ड्यूटी पर जाते हैं, हमारे

[श्री चन्द्र शेखर]

पास पुलिस कम हैं इसलिए 18–18 घंटे तक एक पुलिस का जवान ड्यूटी देता है। उसको ट्रेनिंग का मौका भी नहीं मिलता क्योंकि जितनी पुलिस फोर्स हैं वह आज ड्यूटी पर लगी हुई है। पहले यह नियम था कि एक तिहाई लोग ट्रेनिंग पर रहते थे और दो तिहाई लोग ड्यूटी पर रहते थे। पर आज कानून और व्यवस्था की हालत ऐसी हैं जिसे पुलिस वालों ने नहीं पैदा किया। पंजाब प्रोब्लम पुलिस वालो ने नहा पैदा किया, आसाम की प्राब्लम पुलिस वालों ने नही पैदा की। जगह-जगह झगड़े हो रहे है। पैदा हम लोग करते हैं, राजनीति में रहने वाले लोग करते हैं और पुलिस से हम कहते है कि उसकी व्यवस्था करो। हमारे पास साधन इतने नही है कि इतनी पुलिस नियुक्त कर सके और उनको साथ-साथ ट्रेनिंग भी दे सकें। अगर प्रापर ट्रेनिंग नहीं होती तो तनाव ज्यादा होता है। एक आदमी को 12 घंटे, 16 घंटे, 18 घंटे ड्यूटी देनी पड़ती हैं तो तनाव में कभी-कभी उससे ज्यादाती हो जाती हैं, यह भी ध्यान में रखना चाहिये। इसके लिए मैं यह नहीं कहता कि वह सही हैं या उसको हमें उचित मानना चाहिये लेकिन जिंदगी की जो वास्तविकता हैं उसे हमें स्वीकार करना चाहिए।

हम कोशिश कर रहे है कि उसमें सुधार लाया जाय। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि एक तिहाई नही तो एक बडी सख्या मे उनको ट्रेनिंग दी जा सके जिसमें केवल पुलिस की कवायद ही शामिल न हो बल्कि कैसे लोगों की भावना के अनुसार अपने को जब्त रखा जाए, आत्मनियंत्रण रखा जाए, यह सब उनको सिखाया जाए।

अध्यक्ष महोदय, सदन में जब हम धर्म के नाम पर एक दूसरे पर छींटाकशी करेंगे, अगर धर्म की भावनाओं मे बहकर इतने उत्तेजित हो जायेंगे कि सदन का काम नहीं चलेगा और आप अपेक्षा रखें कि पुलिस और आर्मी का आदमी उससे प्रभावित न हो तो यह केवल कोरी कल्पना है। इसलिए हम अपने विवादों मे भी इस बात का ध्यान रखें कि विवाद की कुछ सीमा तय करें। आपस में विवाद मे एक दूसरे पर छीटाकशी करना, एक दूसरे की इंटेशंस पर जज्बात पर संदेह करना उचित नही है। दिल की बात का हम बहुत ज्यादा जिक्र करते हैं कि आपके दिल मे कोई गडबड होगी। एक दूसरे की इंटेशंस पर शुबहा करने से एक दूसरे पर विश्वास टूट जाएगा। हां, खुलेआम जो काम होता है उसको रोकने की कोशिश होनी चाहिए। खुलआम हम ऐसा काम न करें जिससे साप्रदायिक भावनाएं भडके।

मैं सदन के सभी माननीय सदस्यों से कहूंगा कि कोई भी आदमी, कोई भी सरकार, कोई भी प्रधानमंत्री ऐसा नही है कि जिसमे कोई गलती न हो, जिसमे कोई कमी न हो लेकिन उस कमी को दूर करने की भी जिम्मेदारी आपके ऊपर है। अगर सरकार के सामने कोई सुझाव आए, परिस्थिति को अच्छा बनाने के लिए, पुलिस फोर्स को अधिक रिस्पासिव बनाने के लिए और अगर सरकार उससे इंकार करे तो आप जरूर शिकायत करे।

मैं सदन के सभी सदस्यों से और विशेषकर सभी दलो के नेताओं से निवेदन करूंगा कि चाहे वह पुलिस के ऊपर नियंत्रण लगाने की बात हो, पुलिस संगठन मे कोई नए नियम बनाने की बात हो, उसमे सुधार करने की बात हो या साम्प्रदायिकता से निपटने के लिए कुछ करना हो, उसमे सबका सहयोग चाहिए।

अब कैसेट की बात आई है। आप जानते है कि ओडियो कैसेट थोड़ा छोटा होता है और विज्युल थोडा बड़ा होता है और कानून जो बना हुआ हैं जिसे आप लोगों ने ही बनाया है वह यह हैं कि प्राइवेट सर्कुलेशन के लिए जो कैसेट बनेगा, हमारे मित्र डा० जे० के० जैन साहब एक दिन हमको कानून समझा रहे थे, वह ठीक है कि प्राइवेट सर्कुलेशन के लिए जो कैसेट है उसे जैन साहब अपने ड्राइंग रूम मे चाहे 50 लोगो को दिखाएं तो हम नही कह सकते कि पब्लिक एक्जीबिशन हुआ है। अगर सदन चाहे तो नया कानून बना सकता है। पर अध्यक्ष महोदय, जो प्रैक्टिकल बात है वह यह है कि छोटे कैसेट गावों में हजारों-लाखों की तदाद मे फैले हुए हैं, कहां-कहां पुलिस जाकर तलाशी करेगी ?

श्रीमन, ए-के-47 तो हम निकाल नहीं पा रहे है, कैसेट कहा से निकालेंगे ? आप ऐसी सलाह तो दीजिए जिसे हम कार्यान्वित कर सकें। हम यहा पर बयान दे दें कि कैसेट जब्त कर लेंगे तो जब -ए के 47 निकालने हम कठिन हो रहे है, उपेन्द्र जी के यहा ए के 47 पहुंच गए है, तमिलनाडु मे पहुच गए है, असम मे, राजस्थान में, काश्मीर मे, ईस्टर्न सैक्टर मे पहुच गए है तो हम कैसेट कैसे निकालेंगे ?

**श्री सैयद सिब्ते रजी** (उत्तर प्रदेश) : आप कैसेट बनाने वालो को तो पकड़ सकते है : जहा से उत्पादन हो रहा है उसको रोक दीजिए । यह तो सरेन्डर कर रहे हैं आप उसके सामने...... **(व्यवधान)**

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Mr. Prime Minister, we have definite proof that the cassettes are being manufactured from a few places depicting extra-ordinary, over-blown reports about the repression that was supposed to have been carried on. And those cassettes are acting as inflammatory agents not only to confuse the situation but also to inflame the situation. Therefore, will you kindly destroy the place of manufacture? We shall give you the place where it is being manufactured. Please assure us that you will kindly get hold of the persons Right in Delhi, it is being manufactured. Will you kindly take into account the place of manufacture and arrest them? It is a simple question.

*(Interruptions)*..

SHRI CHANDRA SHEKHAR: Sir, I have noted the suggestion made by the hon. Member, I want to inform you, Sir, and through you this House that we have asked the State Goverenments to take some steps in that direction.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It is in Dehli. It is right under your very nose

SHRI CHANDRA SHEKHAR: In Delhi also...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It is in Delhi where the Central Government is situated.

*(Interruptions)*..

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra): Sir, I would like to congratulate the Prime Minister for having arrested yesterday one of the perpetrators of those cassettes. *(Interruptions)*

**डा० अबरार अहमद** : कैसेट बनाने वाले आपको कानून समझाकर गए, आपने खुद उनका अभी नाम लिया है.... **(व्यवधान)**

SHRI CHANDRA SHEKHAR: I tell you, this is my difficulty that if there are legal lacunae, we shall have to amend the law. And I shall like to have the permission of this House and the co-operation of this House to amend the law. So...

SHRI PARVATHANENI UPENDRA (Andhra Pradesh): We welcome it.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Mr. Prime Minister, we welcome it. Please do it kindly.

SHRI CHANDRA SHEKHAR: Mr. Chairman, Sir, I have already asked the Home Ministry and the Law Ministry to get it examined, and if any proposal comes, I shall bring it before the House.

अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि यह सवाल इतनी कठिनाई का है, कानून का है, जुडिशियरी का है । ये सब दिक्कतें हमारे सामने हैं और उन दिक्कतों को देखते हुए मैं सदन का सहयोग चाहूंगा । मैं नहीं चाहता कि अतिरंजित रिपोर्ट आए । यह केवल कैसेट का सवाल नहीं है । उत्तर प्रदेश में तीन चार हिन्दी के बडे अखबार हैं, बड़े सम्मानित समाचारपत्र हैं, उन अखबारों मे जिस तरह से खबरे फैलाई जा रही हैं वह बिलकुल निराधार है । अलीगढ के बारे में खबर फैला दी गई कि अलीगढ़ मे डाक्टरों ने 27 हिन्दुओं को अस्पताल मे मार दिया । उसकी वजह से बनारस मे दंगा हुआ । अखबारो के लोग खुले आम फ्रंट पेज पर यह न्यूज छापते हैं । उनसे पूछा जाता है तो व कहते है कि हमारे कारसपोंडेंट्स ने न्यूज दी । अखबार वालों को पकड़ लो तो कहेंगे कि ये अखबार वाले प्रधान मंत्री के खिलाफ थे, इसलिए उनको पकड़ा गया । प्रेस की आजादी को

[श्री चन्द्रशेखर]

खतरे मे डाला जाता है। हमारे पक्ष मे होते तो शायद मैं पकड़ भी लेता। फिर कहेंगे कि 62 लोगों की सरकार ऐसा काम क्यों कर रही है ? यह भी डर लगा रहता है। हमारे मित्र माथुर साहब को हमारी याददाश्त पर बिलकुल भरोसा नही है। वह रोज याद दिलाते रहते हैं...

**श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** (उत्तर प्रदेश) : क्या आप डर की वजह से कानूनी ऐक्शन नहीं ले रहे हैं ?

**श्री चन्द्रशेखर :** अगर लेते तो आप यहां पर बोलते नहीं। अगर हमको डर नहीं होता तो आप लोग जो भाषण यहां कर रहे हैं, वह भाषण न करते ... **(व्यवधान)**

**श्री राज मोहन गांधी** (उत्तर प्रदेश) : मैं एक जर्नलिस्ट भी रह चुका हूं। जिस तरह से एक अखबार ने अलीगढ़ के बारे मे गलत खबर छापी और आपने कहा कि उसी की वजह से बनारस में कई लोग मारे गये तो मैं भारत के जो अखबार से जुड़े हुए लोग हैं उनकी ओर से कहना चाहूंगा कि अगर उस अखबार के खिलाफ आप कार्रवाई करें तो तो सारे जर्नलिस्टस आपका समर्थन करेंगे।

**श्री चन्द्रशेखर :** धन्यवाद। मैं ऐसा समझता हूं कि यही भावना हमारे पत्रकारों की बनी रहेगी। मैं केवल इस सदन के जरिये यह निवेदन करूंगा कि जिन्होंने यह छापा था आइन्दा न छापें तो अच्छा है। नही तो आपकी सलाह के अनुसार हमे काम करने मे जरा सुविधा होगी और हम उसको करेंगे भी। **(व्यवधान)**

**श्री वीरेन जे० शाह** (महाराष्ट्र) : एक अफवाह भी हो जाती है। हिन्दी अखबारों के बारे में आपने कहा लेकिन यहां सदन मे बताया गया था कि कई **उर्दू अखबारों** में भी इसी तरह की खबरें छपी थीं। **(व्यवधान)**

**श्री सभापति :** यहां हिन्दी-उर्दू का झगड़ा क्यों करते हैं। **(व्यवधान)**

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It is unfortunate that Hindi and English is being quoted here. It is very unfortunate. It is this attitude that communalises the politics of the country. Will you please examine it?

**श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** इसी वजह से गडबड होती है। हर चीज को उसी तरफ ले जाते हैं। **(व्यवधान)**

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** (उत्तर प्रदेश) : इनके अखबार की भी खबर ले जरा। **(व्यवधान)**

**श्री चन्द्रशेखर :** हम किसी की खबर नही लेने वाले हैं।

**श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** मेरे अखबार की खबर लेने के लिए दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन बैठा है। माथुर साहब सदन के अंदर में कहता हूं कि मेरा अखबार उठा कर पढ़ लीजिए अगर एक लाइन भी किसी फिरके के खिलाफ हो तो मैं अपना अखबार बंद कर दूंगा। **(व्यवधान)**

**श्री चन्द्रशेखर :** अच्छा हो यहां अखबारों का इश्तहार न करें। किसी अखबार के एडवर्टाइजमेंट के लिए यह सदन नहीं है। मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि हिन्दी-उर्दू में कोई फर्क नहीं है। हिन्दी-उर्दू दोनों में तरह-तरह की बातें होती हैं। हिन्दी अखबार इसलिए मैंने कहा क्योंकि वह बड़े अखबार हैं, उत्तर प्रदेश में उनका सरकुलेशन ज्यादा है। कुछ उर्दू अखबार उससे ज्यादा गैर जिम्मेदारी की बातें छापते है यह बात मुझे मालूम है लेकिन उनका असर कम है हालांकि वह समझते है उनका असर बहुत अच्छा है, लेकिन यह बात सही नहीं है इसलिए मैंने उसका जिक्र किया। हम चाहते नहीं है कि कोई कदम उठाया जाए। पत्रकारिता के ऊपर कोई अंकुश लगे यह न इस सदन की इच्छा होगी और न सरकार की कोई इच्छा है। अगले दिनों में हम अत्यम नियंत्रण और संयम से काम लें तभी कोई रास्ता निकल सकता है।

हमारे कई मित्रों ने सलाह दी कि राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक बुलाई जाए । हम अन्य पार्टियों के नेताओं से सलाह करके जल्दी ही राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक बुलायेंगे लेकिन उस राष्ट्रीय एकता परिषद् मे भी हम लोग पहले से एक मन से, एक भाव से खड़े होकर कम से कम यह तो कहें कि हत्याएं बंद हों । एक दूसरे की जान लेने की जो प्रवृत्ति है वह समाप्त हो । सारे झगड़े हम निपटा लेंगे लेकिन हत्याओं का माहौल बंद होना चाहिए । इस माहौल को बदलने के लिए हम किसी हद तक जाने को तैयार हैं । मै जानता हूं कई मित्रो ने हम पर आरोप लगाये हैं, गुस्सा भी दिखाया है लेकिन इस सदन को मैं आपके द्वारा बताना चाहता हू कि अगर हत्या को बंद करने के लिए किसी मैं निवेदन करना पड़ेगा तो मै वह करुंगा, किसी के दरवाजों पर जाना पड़ेगा या किसी से प्रार्थना करनी पड़ेगी तो वह भी मैं करुंगा । क्योंकि किसी प्रधान मंत्री का अहकार मनुष्य की जिन्दगी से बड़ा नहीं है । मनुष्य की जिन्दगी ज्यादा कीमती है । लेकिन साथ ही अगर प्रधान मंत्री को, इस सरकार को देश की एकता और अखंडता के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी करनी पड़ेगी तो वह करने को तयार है । सरकार की हैसियत एक है कि सरकार देश की अखंडता और प्रभुसत्ता को बचाने के लिए बडी से बड़ी लड़ाई भी मोल ले सकती है लेकिन जहा तक जनता के लोगो के मनों को जीतने का सवाल है उस सवाल पर मेरा कोई अहंकार नहीं है। इस सदन के सारे सदस्यों की बात तो छोड़ दीजिए जो दूसरे लोग भी है सब को न्यौता देता हूं कि मत धमकी दो । धमकी अगर हम अपने से कमजोर को देते हैं तो हमेशा याद रखो कि आप से मजबूत भी कोई ताकत बैठी हुई है जो आपको धमकी दे सकती है । यह सरकार धमकी नहीं देगी लेकिन अगर किसी कमजोर को आंख दिखाकर कोई बात करना चहेंगे तो सरकार बिना धमकी दिये हुए उनको सही रास्ते पर लाने के लिए मजबूर करेगी ।

MR. CHAIRMAN: Mr. Upendra to seek some clarification. (*Interruptions*)

श्री राम नरेश यादव : (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं एक निवेदन करना चाहता हूं . . . (व्यवधान) ।

MR. CHAIRMAN. Mr. Upendra please. Make it short. Members have to go for Namaaz.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: Sir, yesterday, during the discussion, Dr. Ratnakar Pandey referred to a communication which has been sent to the Prime Minister alleging that hundreds of crores were collected by the V.H.P. both from India and abroad. In his reply, the Prime Minister said that the Government is also aware of such activities. I expected that in his reply, the Prime Minister would refer to this and inform the House as to how much money has been collected by this organisation and how this money is being utilised, whether it is being used for the construction of the temple or for fanning communalism in the country.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के मंत्रिमंडल में जब आप मंत्री थे तो उस समय आपने कुछ क्यों नही किया ?

SHRI V NARAYANASAMY (Pondicherry). Mr. Upendra, why did you do not do it earlier when Mr. V. P. Singh was the Prime Minister? You were in the Cabinet. We raised the issue. You did not respond. (*Interruptions*).

SHRI CHANDRA SHEKHAR: The Government has no definite information. The only information with the Government is that they submit returns to the Government. There are speculations and there are two opinions in the organisation itself. It will not be proper for me to divulge what they are saying about each other.

श्री बलराम सिंह यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं प्रधान मंत्री जी से एक स्पष्टीकरण चाहता हूं । प्रधान मंत्री जी, अभी आपने अपने वक्तव्य में कहा है कि पुलिस और पी०ए०सी० के बारे में इन जनरल कोई कामेन्ट्स करना उचित नहीं है । हो सकता है कि उसमें भी कुछ लोग अच्छे हों, कुछ लोग बुरे हों,

[श्री बलराम सिंह यादव]

लेकिन अगर आपका कोई मुख्य मंत्री खुद सार्वजनकि तौर पर यह कहे कि पुलिस और पी०ए०सी० के ऊपर हमको विश्वास नहीं है, तो मैं यह जानना चाहता हू कि इस सबध मे आप क्या करेंगे और कुछ नहीं करेंगे तो आपकी क्या मजबूरी है ?

दूसरी बात यह है कि अभी आपने यह कहा है कि दो-तीन जगह पी०ए०सी० की ज्यादतिया सामने आई है तो क्या पी० ए०सी० को वहां से हट कर आप कोई दूसरी सेन्ट्रल फोर्स लगाने की कृपा करेंगे ?

**श्री चन्द्र शेखर :** सभापति महोदय, मै नहीं जानता कि मुख्य मंत्री के किस बयान का जिक्र हमारे माननीय सदस्य कर रहे हैं, लेकिन कोई मुख्य मत्री अगर इस तरह का बयान देगा तो उसकी पुलिस उसके साथ सहयोग नहीं करेगी, इतनी तो बात मालूम होनी चाहिए । लेकिन उत्तर प्रदेश की पुलिस और पी०ए०सी० ने मुख्य मंत्री के साथ पूरा सहयोग किया है । इसलिए मै समझता हू कि इस वक्तव्य का कोई आधार नही होगा ।

**श्री बलराम सिंह यादव** . उस वक्तव्य का कैसेट है । अगर सभापति महोदय आज्ञा दें तो वह पेश किया जा सकता है... (**व्यवधान**) ।

**श्री चन्द्रशेखर** : दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हू कि जहा तक कोई शिकायत आई है तो उसकी जाच हुई, लेकिन पूरी तरह से पी०ए०सी० को नही हटाया गया । वहा पर लोगो में विश्वास पैदा करने के लिए सेन्ट्रल पुलिस की टुकड़िया भी भेजी गई ताकि लोगो के मन मे विश्वास बना रहे ।

MR. CHAIRMAN: The discussion is over. The House is adjourned now and we will meet again at 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at fourteen minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-four minutes past two of the clock, **THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY) in the Chair...**

## ANNOUNCEMENT RE. GOVERNMENT BUSINESS FOR THE WEEK COMMENCING 7TH JANUARY, 1991.

THE VICE-CHAIRMAN: Statement regarding Government business.

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI (Gujarat). Sir, I may be given a chance.

THE VICE-CHAIRMAN: Let him make the Statement.

**संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय)** : महोदय, आपकी अनुमति से मैं यह सूचित करता हू कि सोमवार, 7 जनवरी, 1991 से प्रारम्भ होने वाले सप्ताह के दौरान इस सदन में निम्नलिखित सरकारी कार्य किया जाएगा :--

(1) गोवा राज्य मे राष्ट्रपति शासन संबधी संकल्प पर चर्चा

(2) निम्नलिखित विधेयकों को सयुक्त समिति को सौपने सबधी प्रस्तावों पर चर्चा :--

(क) लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, 1990

(ख) अर्जित प्रतिरक्षण न्यूनता संलक्षण (एडस) निवारण विधेयक, 1989

(3) असम राज्य में राष्ट्रपति शासन संबधी सकल्प पर चर्चा

(4) लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप मे निम्नलिखित विधेयको पर विचार और पारित करना/लौटाना :--

(1) छावनी (संशोधन) विधेयक, 1991

(2) लोक दायित्व बीमा विधेयक 1991

(3) मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (सेवा शर्तें) विधेयक, 1991